NBT
संडे नवभारत टाइम्स
नई दिल्ली › रविवार, 21 फरवरी 2021 › फाल्गुन 2 शक संवत 1942 माघ शुक्ल नवमी विक्रम संवत 2077 www.navbharatgold.com

दिल्ली सरकार 100 स्कूलों के नर्सरी के क्राइटेरिया का कर रही है विश्लेषण

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

दिल्ली में नर्सरी एडमिशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है और स्कूलों ने अपना एडमिशन क्राइटेरिया वेबसाइट पर भी डाल दिया है। दिल्ली सरकार करीब 100 स्कूलों के एडमिशन क्राइटेरिया का विश्लेषण कर रही है। कोर्ट के आदेशों और सरकार की गाइडलाइंस के मुताबिक एडमिशन क्राइटेरिया को परखा जा रहा है।

एक सीनियर अधिकारी का कहना है कि पिछले साल के अनुभवों के आधार पर यह देखा जा रहा है कि जिन स्कूलों में एडमिशन के लिए सबसे ज्यादा ऐप्लिकेशन आती हैं, उन स्कूलों के एडमिशन क्राइटेरिया में कोई बड़े बदलाव तो नहीं किए गए हैं।

बताया जा रहा है कि सरकार ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिया है कि अगर एडमिशन को लेकर पैरंट्स की कोई भी क्वेरी विभाग के पास पहुंचती है तो उसके बारे में स्कूल से बातचीत की जाए और पैरंट्स को जानकारी दी जाए। अधिकारियों का कहना है कि अभी तक क्राइटेरिया का जो विश्लेषण किया गया है, उसमें देखा गया है कि इस बार स्कूलों ने डिस्टेंस को पिछले सालों के मुकाबले ज्यादा वेटेज दी है। रोहिणी के वीएसपीके इंटरनैशनल स्कूल ने डिस्टेंस के 80 पॉइंट्स रखे हैं 20 पॉइंट्स सिबलिंग के हैं। स्कूल के चेयरमैन एस.के. गुप्ता का कहना है कि नर्सरी की 200 सीटों के लिए जिनमें 120 ओपन सीट हैं, उनके लिए स्कूल से एक किमी की दूरी तक रहने वाले बच्चे का एडमिशन कन्फर्म होगा क्योंकि उसे पूरे 80 पॉइंट मिलेंगे। 1-3 किमी पर 60, 3-6 किमी पर 40 और 6 से ज्यादा किमी पर 20 पॉइंट्स मिलेंगे। पीतमपुरा वसुधा एनक्लेव के एम. एम. पब्लिक स्कूल में डिस्टेंस के 50 पॉइंट्स हैं। स्कूल की प्रिंसिपल रूमा पाठक का कहना है कि स्कूल के पास रहने वाले बच्चों की सुविधा को देखते हुए कई फैसले लिए गए हैं।

जांच-परख...

- देखा जा रहा है कि जिन स्कूलों में एडमिशन के लिए सबसे ज्यादा ऐप्लिकेशन आती हैं, उन स्कूलों के एडमिशन क्राइटेरिया में कोई बड़े बदलाव तो नहीं किए गए
- अधिकारियों का कहना है कि इस बार स्कूलों ने डिस्टेंस को ज्यादा वेटेज दी है